राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : पर्यावरण विज्ञान

पाठ 7 : मानव निर्मित पारितंत्र

कार्यपत्रक - 7

1. मानव ने प्राकृतिक पारितंत्र को रूपान्तरित और परिवर्तित क्यों किया है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

2. ''मानव निर्मित पारितंत्र सौर ऊर्जा पर निर्भर हैं या फिर निर्भर नहीं हो सकते हैं।''कारण सहित इस कथन की विवेचना कीजिये।

3. आप एक पारितंत्र की पहचान किस प्रकार से कर सकते हैं कि वह प्राकृतिक पारितंत्र है या फिर मानव निर्मित पारितंत्र? वर्णन कीजिये।

4. कुछ वन भूमि कृषि या फसल के लिए उपयुक्त है। क्या आप सोचते हैं कि इसे परिवर्तित किया जाना चाहिये?तर्क सहित दीजिये।

5 क्या आपको लगता है कि शहरी विकास भारत में काफी तीव्र गति से हो रहा है? यदि हां, तो इस कथन की कारण सहित विवेचना कीजिये।

6 ''पादपोंका रोपना यानी वृक्षारोपण,कभी भी प्राकृतिक वनों की जगह नहीं ले सकते हैं।'' उचित कारणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिये।

7 मत्स्य पालन और मत्स्य रैंचिंगकी प्रक्रिया में क्या अंतर है?

8 ''किसी क्षेत्र में एक बांध का निर्माण वहां के निवासियों के लिए एक वरदान है या एक अभिशाप? कारण सहित उत्तर दीजिये।

9 जनसंख्या वृद्धि और औद्योगीकरण की तीव्र वृद्धि से पर्यावरण को किस प्रकार से क्षति पहुंची है? स्पष्ट कीजिये।

10 क्या आप सोचते हैं कि यदि हम अपनी जरूरतें कम करेंगे, तो हम प्राकृतिक पारितंत्र को बचाने में अपना योगदान देंगे? यदि हां तो कारण दीजिये।